छत्तीसगढ़ पुलिस राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू

चर्चा में क्यों?

13 फरवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने राजधानी रायपुर में माना पी.टी.एस. परेड ग्राउंड में राज्य स्तरीय पुलिस क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- तीन दिनों तक चलने वाली इस खेल प्रतियोगिता में पुलिस के 10 संभागों के 715 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर पुलिस संभागों के खिलाड़ियों के लिये इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। राज्य बनने के बाद यह आयोजन पहली बार पुलिस विभाग के खिलाड़ियों के लिये किया जा रहा है।
- खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस के रायपुर, बस्तर, दुर्ग, सरगुजा, बिलासपुर, छसबल मध्य संभाग, छसबल बिलासपुर, छसबल बस्तर, प्रशिक्षण पीटीएस माना, पीटीएस राजनांदगाँव, पुलिस मुख्यालय, रेडियो, रेल एवं एपीटीएस जगदलपुर, बोरगाँव और सीटीजेडब्ल्यू कांकेर सहित 10 संभागों के लगभग 715 खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया।
- इस अवसर पर महिला और पुरूषों के लिये 100 मीटर दौड़ के आयोजन के साथ-साथ हीट तथा डॉग शो, घुड़सवारी, फेन्सिंग खेल का आयोजन भी किया गया।
- तीन दिवस तक चलने वाली खेल प्रतियोगिता में टीम गेम्स कबड्डी (पुरूष एवं महिला वर्ग), फुटबाल, व्हालीवाल, हैंडबाल, बास्केटबाल, हॉकी, खो-खो (पुरूष एवं महिला वर्ग), रस्साखींच और एथलेटिक्स में 100 मी, 200 मी, 400 मी, 800 मी, 1500 मी, 300 मी, 5000 मी, 10000 मी, लांग जम्प, हाई जम्प, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, जेवलिन थ्रो, ट्रिपल जंप, गेड़ी दौड़ तथा बैंडमिंटन (पुरूष एवं महिला वर्ग), टेबल टेनिस का आयोजन पुलिस लाईन रायपुर, कोटा स्टेडियम रायपुर, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर, पं.रविशंकर युनिवर्सिटी ग्राउंड में किया जाएगा।
- इस खेल महोत्सव से पुलिस विभाग के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-police-state-level-sports-competition-started